## एलडीए : अधिग्रहण की तैयारियां तेज, अफसरों की बैठक बुलाई

# आईटी सिटी: भूमि मुआवजे के लिए दरें तीन को तय होंगी

**तैयारी**

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। एलडीए की आईटी सिटी और वेलनेस सिटी योजना के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने मुआवजे की दरें तय करने की कवायद शुरू कर दी है। किसानों और आम लोगों से आपसी समझौते के आधार पर जमीन खरीदी जाएगी। तीन नवंबर को जिम्मेदार अधिकारियों, विभागों की बैठक बुलाई गई है, जिसमें दरें तय हो जाएंगी। इसके बाद किसानों के साथ समझौता शुरू होगा।

एलडीए सुल्तानपुर रोड पर आईटी सिटी और वेलनेस सिटी योजनाएं ला रहा है। 1582 एकड़ में आईटी सिटी, करीब 1300 एकड़ में वेलनेस सिटी बनेगी। दोनों योजनाओं में जमीनों के अधिग्रहण पर लगभग 3000 करोड रुपये खर्च होंगे। इनकी डीपीआर तैयार हो गई है। जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव भी शासन भेज दिया गया है।

**प्राथमिक दरें तय होंगी:** नई अधिग्रहण पॉलिसी के तहत प्राधिकरण किसानों के साथ आपसी समझौते से जमीन लेने जा रहा है मगर प्राथमिक स्तर पर जमीन की दरें तय करेगा। इनकी दरें पिछले छह माह के भीतर हुए बैनामों के आधार पर तय होंगी। इसके लिए पिछले छह महीने में हुए बैनामे की पत्रावलियां निकलवाई हैं।



**इन 11 गांव की जमीन किसानों से ली जाएगी**

सोनिका पुरवा, वीरमपुर, कुंवर बहादुर खेड़ा, सिद्धपुरा, जगमत खेड़ा, उम्मीद खेड़ा, जगन्नाथ गंज, परेहटा, रकीबाबाद, आदमपुर तथा तकिया की जमीन ली जाएगी।

**06** महीने के बैनामों के आधार पर तय होंगी प्रारंभिक दरें

**03** नवंबर को एलडीए में बुलाई गई है अफसरों की बैठक

"आईटी सिटी, वेलनेस सिटी के लिए तेजी से काम चल रहा है। जल्द इनकी जरूरी औपचारिकताएं पूरी हो जाएगी। इसके बाद योजना का काम शुरू हो जाएगा।

– डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, उपाध्यक्ष, एलडीए

**अफसरों की बैठक:** तीन नवंबर को एलडीए में जिम्मेदार अफसरों की बैठक बुलाई गई है। इसमें जमीनों की कीमतों को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके बाद किसानों से बातचीत कर सहमति बनाने का प्रयास होगा। बातचीत के आधार पर दरें रिवाइज भी की जा सकेंगी।